# NALANDA OPEN UNIVERSITY

M.A. {Hindi}
Part – I, Paper –I
Annual Examination, 2007

52310

Marks: 70 Time: 3 Hours.

किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दें। सभी प्रश्नों के अंक समान है।
Answer any Five Questions. All questions carry equal marks.

1. आदिकालीन साहित्य की सामान्य प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।

2. आदिकाल के विभिन्न नामों पर तर्कसम्मत विचार प्रस्तुत कीजिए ।

3. भक्तिकालीन संत साहित्य की मुख्य विशेषताओं को उद्‌घाटित कीजिए ।

4. रामकाव्य-परम्परा में तुलसीदास का स्थान निर्धारित कीजिए ।

5. रीतिकालीन कविता के स्वरूप पर विचार कीजिए ।

6. भारतेन्दु युग की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।

7. प्रगतिवाद के मूल दर्शन पर अपना मंतव्य व्यक्त कीजिए ।

8. हिन्दी उपन्यास के उदभव एवं विकास पर प्रकाश डालिए ।

9. हिन्दी नाट्य साहित्य में जयशंकर प्रसाद के योगदान का उल्लेख कीजिए ।

10. टिप्पणी लिखिए :

(क) सिद्ध साहित्य
(ख) ललित निबंध

# NALANDA OPEN UNIVERSITY

M.A. {Hindi} New Course
Part – I, Paper –II
Annual Examination, 2007

167053

Marks: 70

Time: 3 Hours.

किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दें। सभी प्रश्नों के अंक समान है।
Answer any Five Questions. All questions carry equal marks.

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणियाँ लिखिए:
   (क) आधुनिक आर्य भाषाएँ
   (ख) हिन्दी भाषा का मानकीकरण
   (ग) राजभाषा के विकास में सरकार की भूमिका
   (घ) भाषा क्षेत्र की परिकल्पना

2. भारतीय आर्य भाषाओं के विकास का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

3. संसार के भाषा परिवारों का परिचय दीजिए।

4. हिन्दी भाषा के विकास में अपभ्रंश के योगदान पर विचार कीजिए।

5. भारोपीय परिवार के 'केंटुम' और 'शतम्' वर्गों का परिचय दीजिए।

6. हिन्दी की बोलियों का वर्गीकरण करते हुए उनकी भाषिक विशेषताएँ बताइए। - 18+4 = 22

7. संस्कृति के व्याकरणिक पक्षों का अध्ययन करते हुए अन्य परवर्ती भाषाओं के साथ उसके तादात्म्य को स्पष्ट कीजिए।

8. खड़ीबोली हिन्दी के विकास में भारतेन्दु युग के महत्व को प्रतिपादित कीजिए।

9. देवनागरी लिपि के विकास क्रम का वर्णन कीजिए।

10. आधुनिक मानक भाषा के रूप में हिन्दी के विकास का परिचय दीजिए।

*****

Nalanda Open University
M.A. Hindi (New Course)
Part-I, Paper-III

70628

Full Marks: 70 Time: 3 Hrs.

किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. संचार और संप्रेषण की संकल्पनाएँ स्पष्ट कीजिए। संप्रेषण के स्वरुप की विवेचना कीजिए।
2. भारतीय एवं पाश्चात्य भाषा चिंतन परम्परा की तुलना करते हुए उनकी प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
3. ऐतिहासिक भाषाज्ञान का विषय क्षेत्र क्या है? विश्व की भाषाओं का वर्गीकरण किन आधारों पर किया जाता है?
4. संरचनात्मक भाषाविश्लेषण की प्रविधि समझाइए।
5. हिन्दी के स्वर और व्यंजन ध्वनियों का परिचय दीजिए तथा हिन्दी स्वनिमिक व्यवस्था की प्रमुख समस्याओं की चर्चा कीजिए।
6. शब्द वर्ग से क्या तात्पर्य है। आप हिन्दी में कितने शब्द वर्ग स्थापित कर सकते हैं?
7. वाक्य विश्लेषण के स्तरों की व्याख्या कीजिए।
8. प्रोक्ति की संकल्पना को स्पष्ट करते हुए प्रोक्ति विश्लेषण का महत्त्व समझाइए।
9. भाषा अर्जन और भाषा अधिगम की प्रक्रिया समझाइए।
10. अनुवादके प्रमुख प्रकारों की चर्चा करते हुए शब्दानुवाद, भावानुवाद तथा छायानुवाद के अन्तर को स्पष्ट कीजिए।

----

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय

एम० ए० (हिन्दी) – नूतन पाठ्यक्रम

प्रथम खण्ड, चतुर्थ पत्र

सत्रांत परीक्षा, 2007

53103

पूर्णांक : 70 　　　　　　　　　　　　　　　　समय : 3 घंटे

किन्हीं *पाँच* प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान है ।

1. हिन्दी साहित्य के इतिहास में रासो साहित्य के महत्व को दर्शाते हुए 'पृथ्वीराज रासो' महाकाव्य का संक्षिप्त विवेचन कीजिए ।

2. 'पृथ्वीराज रासो' महाकाव्य के भाषिक सौष्ठव का विवेचन कीजिए ।

3. 'विद्यापति लोक संस्कृति के मधुर कवि थे ।' विद्यापति पदावली के आधार पर इस कथन का तार्किक उत्तर दीजिए ।

4. हिन्दी काव्य–परम्परा के विकास में विद्यापति के योगदान का मूल्यांकन कीजिए ।

5. कबीर की काव्यकला का सोदाहरण विवेचन कीजिए ।

6. 'कबीर भाषा के डिक्टेटर थे ।' इस कथन की तार्किक समीक्षा कीजिए ।

7. वर्तमान संदर्भ में कबीर और विद्यापति की कविता के सांस्कृतिक महत्व का तुलनात्मक मूल्यांकन कीजिए ।

8. कबीर के संदर्भ में निर्गुण भक्ति आंदोलन की सामाजिक भूमिका का मूल्यांकन आप किस प्रकार से करेंगे ?

9. हिन्दी के सूफी–काव्य की मुख्य विशेषताओं का विवेचन कीजिए ।

10. सूफी मतों के आलोक में 'पद्मावत' महाकाव्य की समीक्षा कीजिए ।

********

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय

## एम० ए० (हिन्दी) – नूतन पाठ्यक्रम

## प्रथम खण्ड, पंचम पत्र

## सत्रांत परीक्षा, 2007

पूर्णांक : 70 समय : 3 घंटे

खंड 'क' से तीन और खंड 'ख' से दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान है ।

### खण्ड – 'क'

1. भक्ति आंदोलन की सामाजिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए उसकी प्रमुख प्रवृत्तियों का विश्लेषण कीजिए ।

2. मध्यकालीन सगुण भक्ति में सूरदास के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके काव्य में प्रेम की उपस्थिति को विश्लेषित कीजिए ।

3. सूरदास की काव्यकला पर सोदाहरण प्रकाश डालिए ।

4. मध्यकालीन सामाजिक चुनौतियों के परिप्रेक्ष्य में मीरा के काव्य का समाजशास्त्रीय विश्लेषण कीजिए ।

5. एक क्रांतिदर्शी कटि के रूप में तुलसीदास के काव्य का भाव–सौन्दर्य उद्घाटित कीजिए ।

6. 'तुलसीदास ने टूटते–बिखरते परिवारों को एकता के सूत्र में पिरोते हुए सम्पूर्ण राष्ट्र को सर्वशक्तिमान बनाया ।' तुलसी–काव्य के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए ।

### खण्ड – 'ख'

7. बिहारी के काव्य का भाव एवं शिल्पगत सौन्दर्य उद्घाटित कीजिए ।

8. उत्तर मध्यकालीन काव्य–विकास का परिचय देते हुए घनानन्द के संदर्भ में रीतिमुक्त काव्य–परम्परा की समीक्षा कीजिए ।

9. पद्माकर की कविताओं के शिल्प–सौष्ठव को सोदाहरण उद्घाटित कीजिए ।

10. 'रीतिकालीन श्रृंगार भावना में सहजता नहीं, यांत्रिकता है ।' क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए ।

********

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय

एम० ए० (हिन्दी) – नूतन पाठ्यक्रम

प्रथम खण्ड, षष्टम पत्र

सत्रांत परीक्षा, 2007

215202

पूर्णांक : 70

समय : 3 घंटे

प्रत्येक खण्ड से कम से कम एक प्रश्न उत्तर देते हुए। कुल पाँच प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

## खण्ड – 'क'

1. भारतेन्दु की भक्तिपरक कविताओं की मूलभूत विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए ।

2. राष्ट्रीय नवजागरण की अभिव्यक्ति गुप्त जी के काव्य में किस रूप में हुई है ? स्पष्ट कीजिए ।

3. काव्य शिल्प की दृष्टि से भारतेन्दु के महत्व पर प्रकाश डालिए ।

## खण्ड – 'ख'

4. प्रसाद के रूपक और प्रतीक–योजना की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

5. प्रसाद की काव्यभाषा की प्रमुख विशेषताएँ बताइये ।

6. भाव या कथ्य के क्षेत्र में निराला की प्रयोगशीलता के महत्व पर प्रकाश डालिये ।

7. राम की शक्तिपूजा के माध्यम से कवि क्या संप्रेषित करना चाहता है ?

## खण्ड – 'ग'

8. 'वेदना महादेवी के काव्य का स्थायी भाव है ।' इस कथन की व्याख्या कीजिए ।

9. पंत–काव्य में आध्यात्मिकता और भौतिकता के समन्वय की चेष्टा का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए ।

10. राष्ट्रीय चेतना की अभिव्यक्ति दिनकर के काव्य मे किस रूप में हुई है, विवेचन कीजिए ।

********

# नालन्दा खुला विशविद्यालय

## एम० ए० (हिन्दी) – नूतन पाठ्यक्रम

## प्रथम खण्ड, सप्तम पत्र

## सत्रांत परीक्षा, 2007

पूर्णांक : 70 समय : 3 घंटे

कुल पाँच प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

1. क्या नागार्जुन की कविताएँ सपाट हैं ? यदि हाँ, तो कैसे ? यदि नहीं? तो कैसे ?

2. 'धूमिल की पाठकथा स्वाधीन भारत का एक दहकता हुआ दस्तावेज है।' इस कथन की व्याख्या कीजिए । कविताओं के संदर्भ में इस कथन की सार्थकता पर प्रकाश डालिए ।

3. 'मुक्तिबोध के लिए प्रतिबद्धता और पक्षधरता की समस्या राजनीतिक होने की अपेक्षा मानवीय और नैतिक अधिक है ।' इसे स्पष्ट कीजिए ।

4. "अंधेरे में" कविता में दिए गए "पागल के गीत" के मूल आशय और अभिप्राय की विस्तृत व्याख्या कीजिए ।

5. अज्ञेय की कविता के एक प्रमुख अभिप्राय के रूप में व्यक्तित्व की खोज को परिभाषित कीजिए ।

6. लंबी कविता के रूप में 'असाध्य वीणा' का विश्लेषण तथा मूल्यांकन कीजिए ।

7. शमशेर के काव्य में सामाजिकता और यथार्थवाद का क्या रूप उभर कर आता है ?

8. रघुवीर सहाय की कविता अपने समय का आलोचनात्मक साक्षात्कार करता है। विवेचना कीजिए ।

9. रघुवीर सहाय के काव्य की भाषा और शिल्प विशेषताओं को रेखांकित कीजिए ।

10. श्रीकांत वर्मा की जीवन–दृष्टि और साहित्य–दृष्टि के विकास को रेखांकित कीजिए ।

********

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय

## एम० ए० (हिन्दी) नूतन पाठ्यक्रम

## प्रथम खंड, अष्टम पत्र

## सत्रांत परीक्षा २००७

किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

पूर्णांक: ७० समय : तीन घंटे

१. हिंदी की चिंतन परंपरा में काव्य लक्षण दृष्टि की चर्चा कीजिए।

२. पश्चिमी आलोचना सिद्धांतों के आधार पर काव्य प्रेरणा सिद्धांतों की चर्चा कीजिए।

३. काव्य की अभिधा-शक्ति पर प्रकाश डालिए।

४. रीति-सम्प्रदाय की स्थापनाओं पर विचार कीजिए ? काव्य में रीति-गुण की महत्ता का प्रतिपादन कीजिए ?

५. ध्वनि-सिद्धांत का खंडन करते हुए कुंतक ने वक्रोक्ति सिद्धांत की स्थापना क्यों की है। तर्क संगत दीजिए।

६. टिप्पणी लिखिए:-
   (क) साधारणीकरण और काव्य
   (ख) भावकत्व व्यापार का स्वरूप

७. रस सिंद्धात की शक्ति और सीमाओं का उल्लेख करते हुए बताइए कि आधुनिक साहित्य के मूल्यांकन के लिए यह किस हद तक उपयुक्त प्रतिमान सिद्ध हो सकता है।

८. भारतीय काव्यशास्त्र में 'सहृदय' की अवधारणा पर विचार कीजिए।

९. प्लेटो का अनुकरण से क्या तात्पर्य है? उनके मूल मंतव्य को स्पष्ट कीजिए।

१०. लांजाइनस के प्रमुख आलोचना सिद्धान्तों पर प्रकाश डालिए।

* * * *